तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 6 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4 शहर के प्रमुख मार्ग और जर्जर पुल से लोग कर रहे आवागमन



## खबर संक्षेप

### अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ जिला संघ का चुनाव आज

**कोरबा।** अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ जिला संघ का चुनाव 6 जुलाई को एके गुरुकुल में सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच नाम वापसी 12 से 3 तक वोटिंगइसी बिच स्वल्पाहार और 4 बजे चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिले में पहली बार वोटिंग माध्यम से चुनाव हो रहे हैं जिनमें समस्त पंजीकृत अशासकीय विद्यालय के संचालक एवं प्राचार्य को वोट देने का अधिकार दिया गया है। जिसके तहत प्रत्येक विद्यालय से दो दो वोट अध्यक्ष और सचिव के लिए डाला जाएगा। अध्यक्ष पद हेतु तीन उम्मीदवार मैदान पर है अक्षय कुमार दुबे, भौंनेंद्र कुमार डहरवाल, धरम तिवारी है। इसी तरह सचिव पद हेतु तीन उम्मीदवार राधेश्याम मनहर, संदीप केसरवानी, शिव शंकर जायसवाल शामिल हैं। कोषाध्यक्ष धरमलाल तिवारी शामिल हैं।

### जनसंपर्क विभाग में सुरजीत मनीष को मिली पदोन्नति

**कोरबा।** जनसंपर्क विभाग द्वारा विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों की पदोन्नति सूची जारी की गई है। जशपुर जिले में अपनी सेवाएं देकर जिला जनसंपर्क कार्यालय में वर्ष 2023 से पदस्थ सहायक सूचना अधिकारी सुरजीत सिंह चौहान को सहायक जनसंपर्क अधिकारी के रूप में पदोन्नति मिली है। उन्हें जिला जनसंपर्क कार्यालय में ही पदोन्नति दी गई है। इसी तरह जिला जनसंपर्क कार्यालय के मनीष यादव को सहायक ग्रेड 3 के रूप में पदोन्नति देकर बालोद जिले में स्थानांतरित किया गया है। मनीष यादव वर्ष 2017 से जिला कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

### कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन 16 को करेंगे प्रदर्शन

**कोरबा।** जिले के कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संबद्ध संगठनों के पदाधिकारियों ने अंधरीकछार में बैठक आहूत की गई। बैठक में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के जिला अध्यक्ष उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम कबीरधाम जिले में बरसात के कारण कर्मचारियों के कुछ विलंब से कार्यालय पहुंचने पर कलेक्टर कबीरधाम द्वारा सार्वजनिक रूप से कान पकड़वाकर उठक बैठक कराने का निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए कलेक्टर कबीरधाम के खिलाफ कार्यवाही करने 7 जुलाई को शाम 4 बजे कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने निर्णय लिया गया। ज्ञापन कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु कर्मचारियों से अपील की गई है। बैठक में कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन के संयोजक केआर डहरिया, जगदीश प्रसाद खरे, तरुण सिंह राठौर, एसएन शिव, ओमप्रकाश बघेल, विनय सोनवानी, नित्यानंद यादव, विनोद सांडे, नरेंद्र श्रीवास, आरडी केसकर, नोहर चंद्रा, पीपीएस राठौर, प्रधानपाठक रामकपूर कुर्रे, दिव्यांग कर्मचारी अधिकारी संघ से प्रकाश खाकसे उपस्थित रहे।

### लंबे समय के बाद पीजी कॉलेज में छात्रावास शुरू

**कोरबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लंबे समय से चल रहे संघर्ष और निरंतर प्रयासों के बाद पीजी कॉलेज में छात्रावास की सुविधा शुरू कर दी गई है। सत्र 2025-26 के लिए छात्राओं के लिए छात्रावास में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस सुविधा से विशेष रूप से नगर निगम सीमा क्षेत्र के बाहर की छात्राओं को लाभ मिलेगा, जिन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि इच्छुक छात्राएं सहायक ग्रेड-3 श्रीमती सरिता सिदार से छात्रावास प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकती हैं और महाविद्यालय में प्रवेश रसीद की छायाप्रति के साथ फॉर्म जमा कर सकती हैं। जिलासंयोजक निहाल सोनी ने कहा कि यह संगठन की वर्षों की मांग और लगातार आंदोलनों का परिणाम है। उन्होंने कहा, हमारे कार्यकर्ताओं ने लंबे समय तक छात्राओं के हित में छात्रावास की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन से लेकर ज्ञापन सौंपने तक हर संभव प्रयास किया।

# आखिरकार 30 साल के लंबे इंतजार के बाद महिला को हाईकोर्ट से मिला न्याय

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी पाने के लिए महिला को 30 साल बाद हाईकोर्ट से न्याय मिला है। जस्टिस संजय के अग्रवाल की सिंगल बेंच ने गैर व्यक्ति को नौकरी देने एसईसीएल प्रबंधन के 6 जुलाई 2017 को जारी आदेश को निरस्त कर दिया है। साथ ही याचिकाकर्ता महिला के बेटे को नौकरी देने का आदेश भी दिया है। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा है कि सार्वजनिक उपक्रम को निष्पक्षता और सद्भावना से काम करना चाहिए, उसकी गलती की सजा याचिकाकर्ता को नहीं मिलनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि दीपका गांव की निर्मला तिवारी की 0.21 एकड़ जमीन 1981 में कोयला खदान के लिए अधिग्रहित की गई थी। बदले में एसईसीएल को पुनर्वास नीति के तहत उन्हें मुआवजा और उनके परिवार के सदस्य को नौकरी देनी थी। महिला को मुआवजा तो 1985 में दे दिया गया। लेकिन, एसईसीएल प्रबंधन ने नौकरी उनके बेटे की जगह एक फर्जी व्यक्ति नंद किशोर जायसवाल को दे दी। नंदकिशोर ने खुद को याचिकाकर्ता का बेटा बताकर नौकरी हासिल कर ली। याचिकाकर्ता महिला ने एसईसीएल प्रबंधन को धोखाधड़ी की जानकारी दी। लंबी लड़ाई के बाद एसईसीएल ने वर्ष 2016 में नंद किशोर को नौकरी से बर्खास्त तो कर दिया। लेकिन, महिला के बेटे उमेश तिवारी को नियुक्ति नहीं दी। एसईसीएल प्रबंधन ने यह कहते हुए नौकरी देने से इनकार कर दिया कि अधिग्रहण की तारीख पर जमीन याचिकाकर्ता के नाम पर म्यूटेट नहीं थी और उसके बेटे का उस वक्त जन्म नहीं हुआ था। हाईकोर्ट ने एसईसीएल के इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि म्यूटेशन का रिकॉर्ड सिर्फ कब्जे का सबूत है, स्वामित्व का नहीं। जब एसईसीएल ने जमीन के बदले मुआवजा दिया था, तो यह मान लिया गया था कि याचिकाकर्ता निर्मला तिवारी ही जमीन की मालिक है। साथ ही कहा कि अगर शुरू में गलत व्यक्ति को नियुक्ति दी गई, तो उस गलती को सुधारते समय असली हकदार को उसका हक देना चाहिए था। केवल इस आधार पर कि बेटा अधिग्रहण के समय पैदा नहीं हुआ था, उसका दावा खारिज नहीं किया जा सकता।

### एसईसीएल में भूमि अधिग्रहण के बदले नौकरी में हुआ था फर्जीवाड़ा

**खास बातें**

- छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं के बेटे को नियुक्ति देने का दिया आदेश



### गलत व्यक्ति को नौकरी देना अन्याय

हाईकोर्ट ने कहा कि एसईसीएल ने न केवल अपने वादे का उल्लंघन किया बल्कि एक गलत व्यक्ति को नौकरी देकर याचिकाकर्ता के साथ अन्याय किया। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि याचिकाकर्ता के बेटे को 6 जुलाई 2017 से नियुक्ति दी जाए। इसके अलावा सभी लाभ भी उस तारीख से दिया जाए। हाईकोर्ट ने मोहन महतो विरुद्ध सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड और अन्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड पर नाराजगी जताई थी। कहा था कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को राज्य का दर्जा हासिल है। ऐसे में उसे सद्भावना, निष्पक्षता और उचित तरीके से काम करना चाहिए।

## एक वर्ष से नहीं बदले गए प्राधिकृत अधिकारी

# जिले की 20 सहकारी समितियों में सहकारिता विभाग के ओआईसी देख रहे हैं कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 20 सहकारी समिति ऐसी हैं जिनका कामकाज पिछले एक वर्ष से सहकारिता विभाग के द्वारा पदस्थ किए गए प्राधिकृत अधिकारी (ओआईसी) देख रहे हैं जबकि शेष समितियों में शासन द्वारा अनुमोदित अध्यक्ष कामकाज संभाल रहे हैं। 20 समितियों में भी अध्यक्ष के नामों का अनुमोदन हुआ था किंतु विभाग ने दरकिनार कर दिया है।

प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद सभी सहकारी समितियों में चुनाव नहीं होने की स्थिति में शासन के द्वारा अध्यक्ष के पद पर संगठन के नेताओं पर अनुमोदन किया था। इसी कड़ी में कोरबा जिले के 41 समितियों के लिए भी अध्यक्ष के नाम अनुमोदित किए थे। एक वर्ष हो चुके हैं इन 41 समितियों में अब तक 20 समितियों में अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है। जो सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी थी। विभाग ने इन समितियों में अपने प्राधिकृत अधिारियों को ही काम काज संभालने का निर्देश दिया गय। परिणाम स्वरुप धान खरीदी से लेकर खाद, बीज भंडारण और बिक्री सहित सभी काम विभाग के प्राधिकृत अधिकारियों के द्वारा ही संचालित किया जाता है। जबकि इसी जिले से 21 समितियों से अध्यक्ष कामकाज संभाल रहे हैं। सहकारिता विभाग की इस दोहरी नीति से कई सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर अध्यक्ष के लिए अनुमोदित नामों को जिला सहकारिता विभाग के अधिकारी ने क्यों अमल नहीं किया।

**खास बात**

- प्रभारी मंत्री से अनुमोदित अध्यक्षों को देना था प्रभार



फाइल फोटो

### इन समितियों में बैठे हैं प्राधिकृत अधिकारी

आदिवासी सेवा सहकारीसमिति भैसमा, तिलकेजा, बरपाली, दुरपा, भिलाई बाजार, अखरापाली, छुरीकला, जटगा, बिंझरा, कुल्हरिया, पीपरिया, सुखरीकला, पटियापाली, कनकी, चिकनीपाली, करतला रामपुर, नवापारा, निरधी और चैतमा शामिल हैं। इन समितियों में भैसमा, बरपालीसुखरीकला, चिकनीपाली, रामपुर नवापारा, करतला बड़ी समितियों में आते हैं। सर्वाधिक धान खरीदी इन्हीं समितियों में आती है।

### इन समितियों में पकड़ी गई थी गड़बड़ी

पिछले वर्ष 2024 में हुई धान खरीदी के दौरान ग्राम कुल्हरिया समिति, छुरीकला, अखरापाली, भिलाईबाजार ने धान खरीदी की गड़बड़ी पकड़ी गई थी। जिसके विरुद्ध छुरीकला अखरापाली, कुल्हरिया, प्रबंधकों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई है। वहीं इस मामले में विभाग के प्राधिकृत अधिकारी साफ साफ बच निकले जबकि पूरी खरीदी उनके ही देखरेख में हो रही थी।

# बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल


सड़क हादसे में मृत एवं घायल युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तेज रफ्तार बस चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रहे बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में दुर्घटनाकारित बस चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दीपका रैनपुर के समीप शनिवार की सुबह लगभग 7.30 बजे विरक बस क्रमांक सीजी 10 जी 0601 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीजे 3367 को अपनी चपेट में ले लिया। इस सड़क हादसे में बाइक सवार नरेन्द्र कुमार कोराम पिता दुकाल सिंह उम्र 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक नरेन्द्र कुमार बरपाली धवलामुड़ा थाना रतनपुर का निवासी था। नरेंद्र दीपका क्षेत्र में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत था और ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहा था, तभी रैनपुर के पास यह दुर्घटना घटी। सड़क हादसे में घायल एक अन्य व्यक्ति को दीपका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

# पत्नी को छेड़ा तो पति ने युवक की डंडे से कर दी पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एक युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। इंडस्ट्रियल एरिया स्थित अटल आवास में बारिश के दौरान करीब एक घंटे तक मारपीट का यह क्रम चलता रहा। पिटाई करने वाले व्यक्ति का आरोप है कि पीड़ित ने उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ की थी। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि आरोपी व्यक्ति पीड़ित की पिटाई कर रहा है और उसकी जेब से सामान भी निकाल रहा है। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्ष इंडस्ट्रियल एरिया के निवासी हैं। हालांकि दोनों के नाम सामने नहीं आए है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अटल आवास में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी यहां मारपीट, हत्या और चोरी जैसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- बीच सड़क पर घंटों चलता रहा बवाल


सड़क पर मारपीट करते दो युवक।



### अचानक गिरा मकान का हिस्सा, बाल -बाल बचा परिवार

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के वार्ड क्रमांक 28 के एक मोहल्ले में एक मकान की दीवार अचानक गिर गई। घटना का सुखद पहलू रहा कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घर के सामने का जब हिस्सा टूट कर गिरा तब परिवार के लोगों को भी इसकी भनक नहीं लगी। लगातार हो रही बारिश से मिट्टी से बने मकान में पानी का रिसाव होने से दीवार कमजोर हो गया। जिससे मकान का सामने का हिस्सा भरभरा कर गिर गया होगा।

# युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोंगरा बस्ती के भूसड़ीपारा सब स्टेशन के पास शुक्रवार की शाम दर्री क्षेत्र निवासी एक युवक की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। स्थानीय लोगों ने शव देखे जाने की सूचना तत्काल बांकीमोंगरा पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक अश्वनी शुक्रवार की दोपहर मनोज बक्कल नामक युवक के साथ घर से निकला था और दोनों को आखिरी बार बांकीमोंगरा क्षेत्र में साथ देखा गया था। घटना के बाद से मनोज बक्कल का कोई सुराग नहीं लग पाया है, जिससे उसकी संलिप्तता को लेकर संदेह गहराने लगा है। मृतक के परिजनों ने हत्या के पीछे पुराने आपसी विवाद की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और मनोज बक्कल की तलाश भी जारी है। बांकीमोंगरा पुलिस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ⏭ शेष पेज 11 पर


घटना स्थल में जांच करती पुलिस।

## युक्तियुक्तकरण बना शिक्षा सुधार की नींव

# स्कूलों में छात्रों को मिले विषय विशेषज्ञ शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ की गई युक्तियुक्तकरण नीति के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश के सुदूरवर्ती और शिक्षकविहीन स्कूलों में भी विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। जिले के शासकीय माध्यमिक शाला, करतला में हाल ही में गणित विषय के शिक्षक पदस्थापना किए जाने से लंबे समय से बनी शिक्षकों की समस्या की कमी दूर हो गई।

पूर्व में इस स्कूल में गणित विषय के शिक्षक की अनुपस्थिति के कारण बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब शिक्षक श्री किशोर केसरवानी के आने से न केवल बच्चों की कठिनाइयाँ दूर हुई हैं, बल्कि उनमें गणित के प्रति एक नई रुचि भी जागृत हुई है। उनका मानना है कि गणित केवल क्लासरूम तक सीमित विषय नहीं है, यह जीवन का हिस्सा है दृ इसे चलते-फिरते, खेलते-कूदते और उदाहरणों के माध्यम से समझाया जाना चाहिए। जब गणित से डर खत्म होगा, तब बच्चे उसमें रुचि लेंगे।छत्तीसगढ़ शासन की इस दूरदर्शी पहल युक्तियुक्तकरण से न केवल एक स्कूल को शिक्षक मिला, बल्कि हजारों ऐसे बच्चों को मार्गदर्शन मिल रहा है, जो अब तक केवल इंतज़ार कर रहे थे। शिक्षा विभाग द्वारा यह कदम उन स्कूलों की पहचान करके उठाया गया, जहाँ शिक्षकों की कमी थी या कोई शिक्षक ही नहीं था। अब ऐसी शालाओं में भी योग्य शिक्षकों की नियुक्ति हो रही है। श्री केसरवानी इससे पूर्व माध्यमिक शाला फरसवानी में कार्यरत थे। उन्होंने कहा, सरकार की इस पहल से बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। अब दूरस्थ अंचलों में भी शिक्षा का प्रकाश पहुँच रहा है। जब शिक्षक सही स्थान पर होंगे तभी शिक्षा का उद्देश्य पूरा हो पाएगा। वे आगे कहते हैं कि गणित जैसे विषय को लेकर अक्सर बच्चों में भय होता है, लेकिन यदि उन्हें सही मार्गदर्शन मिले, तो वे न केवल इस विषय को समझ सकते हैं, बल्कि उसमें ⏭ शेष पेज 3 पर


पढ़ाते हुए शिक्षक।

# खौलते पानी में गिरने से मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घर में सिगड़ी पर चावल बनाने के दौरान एक बच्ची खेलते खेलते सिगड़ी के ऊपर रखे बर्तन के खौलते पानी में गिर गई। इस हादसे में बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सीतामढ़ी क्षेत्र में एक 3 साल की बच्ची अपने घर में खौलते पानी में गिर गई, जिससे उसके शरीर का अधिकांश हिस्सा झुलस गया, इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसा उस वक्त हुआ जब बच्ची की मां चावल पकाने के लिए सिगड़ी पर पानी रखकर किसी अन्य काम में व्यस्त हो गई। पानी खौल रहा था और बच्ची खेलते-खेलते वहां पहुंच गई और हड़बड़ाहट में खौलते पानी में गिर गई। उसको गंभीर अवस्था में पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के पिता रामकृष्ण पटेल और उनकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पड़ोसियों और रिश्तेदारों ने भी शोक जताया है।


BJP
BIRTHDAY
HAPPY
हम सब के मार्गदर्शक बड़े भईया
छ.ग.राज्य खाद्य अयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं सरगुजा भाजपा जिला प्रभारी
श्री ज्योतिनंद दुबे जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री ज्योतिनंद दुबे जी
छ.ग.राज्य खाद्य अयोग के पूर्व अध्यक्ष
एवं सरगुजा भाजपा जिला प्रभारी
मो. : 9893293322
सूर्य प्रकाश शर्मा
राजू प्रजापति
मनोज दुबे
मुकेश जायसवाल
राजू लाल श्रोते
आनंद चौकसे
सुजीत सिंह
राजेन्द्र साहू
ओमप्रकाश जायसवाल
जन्मेजय जायसवाल
सत्यम यादव
विनीत : भारतीय जनता पार्टी मण्डल दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया जाएगा धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिन

**अंबिकापुर।** बौध धर्म के धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिन 6 जुलाई को दुनियाभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बीच छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में भी धर्मगुरु दलाई लामा के जन्मदिन को खास बनाने के लिए तिब्बती समुदाय के लोग जुट गये है। रविवार को धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिन मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ के मैनपाट में तिब्बती शरणार्थी रहते है और उन्होंने अपनी सभ्यता और संस्कृति को संजोकर रखा है। वे प्रतिवर्ष धर्मगुरु दलाई लामा का जन्म दिन धूमधाम से मनाते है लेकिन इस बार धर्मगुरु दलाई लामा का 90वां जन्म दिन मनाया जाना है। धर्मगुरु के जन्म दिन को लेकर तिब्बती शरणार्थियों द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। तेनजिंगलवंग तिब्बत सेटेलमेंट ऑफिस सचिव ने बताया कि इस बार दलाई लामा का जन्म दिवस खास होने वाला है क्योंकि इस साल धर्मगुरु दलाई लामा का 90वां जन्मदिन मनाया जाएगा। सुबह पूजा, कल्चरल डांस प्रोग्राम का आयोजन होगा जिसकी तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई है। इस दौरान तिब्बती समुदाय के लोग अपनी पारम्परिक वेशभूषा में नजर आएँगे। कार्यक्रम स्थल के साथ ही आस पास के क्षेत्र को सजाया जा रहा है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** लटोरी मुख्य मार्ग पर बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम गजाधरपुर निवासी धरमपाल राजवाड़े आ. केशुराम राजवाड़े (30 वर्ष) गत दिन बाइक से लटोरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को लटोरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात युवक की मौत हो गई।

### बस ने कार को मारी टक्कर बाल बाल बचे सवार

**अंबिकापुर।** बस चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि दुर्घटना में वाहन सवार लोगों को चोटें नहीं आई। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा निवासी 27 वर्षीय अमित कुमार नायक आ. धनियत नायक 5 जुलाई को अपनी क्रेटा कार क्रमांक जेएच 01 डीएक्स 4277 से ग्राम सेमरा से अंबिकापुर की ओर जा रहा था। इस दौरान सुबह 11 बजे डीपाडीह कला में विपरीत दिशा से आ रहे हिन्दुस्तान बस क्रमांक सीजी 15 ईई 2272 के चालक चंद्रपाल भुईहर ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को दाहिने तरफ से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार स्वामी अमित कुमार उसके साथी फिरोज आलम बाल बाल बच गये लेकिन उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस मामले में वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### शराब के नशे में शिक्षक करता था बच्चों से मारपीट

**वाड्रफनगर।** क्षेत्र में लगातार शिक्षकों की लापरवाही सामने आ रही है। हाल ही में प्रधान पाठक का शराब के नशे में स्कूल के अंदर डांस करने का वीडियो वायरल हुआ और अब एक बार फिर से एक सहायक शिक्षक द्वारा बच्चों से शराब के नशे में मारपीट करने की बात सामने आई है। इस मामले में बच्चों और उनके परिजन ने अधिकारियों ने शिकायत की। शिकायत के बाद जांच उपरान्त जिला शिक्षा अधिकारी ने सहायक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम सोनहत स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों ने स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक छोटेलाल पंडो के खिलाफ शिकायत की थी कि शिक्षक शराब के नशे में धुत होकर स्कूल आते है और बच्चों से मारपीट करते है। इस मामले की शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के निर्देश दिए थे। श

## पृष्ठ 1 का शेष

### पत्नी को छेड़ा...

बताया कि पुलिस ने अब इलाके में रहने वाले संदिग्ध लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत आधार कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की जा रही है। स्थानीय निवासी कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### युवक की चाकू मार....

अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में जल्द ही खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस घटना ने इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। परिजन और स्थानीय लोग जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### स्कूलों में छात्रों....

उत्कृष्टता भी प्राप्त कर सकते हैं। कोई भी बच्चा अब शिक्षक की अनुपस्थिति के कारण पीछे न रह जाए। भविष्य में यह पहल प्रदेश के शिक्षा परिदृश्य को एक नई ऊँचाई तक ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी।

नारकोटिक्स को-आर्डिनेशनल की बैठक

# मादक पदार्थ बेचने वाली दुकानें होंगी सील, गुमास्ता लाइसेंस होगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध मादक,नशीले पदार्थों की बिक्री और ड्रग तस्करी की रोकथाम के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। नारकोटिक्स को-आर्डिनेशन की बैठक में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने जिले में मादक पदार्थों की उपलब्धता, उपयोग,और बिक्री पर रोक लगाने के लिए, मादक पदार्थों बिक्री करने वाले दुकानों को सील करने के साथ गुमास्ता लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अजीत वसंत ने निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थानों के आस पास तथा प्रतिबंधित क्षेत्रों में तंबाकू, सिगरेट सहित अन्य मादक सामग्री किसी भी स्थिति में न बेची जाएं और नशीली वस्तुओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए राजस्व, पुलिस, नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी आपस में समन्वय कर संयुक्त कार्यवाही करें। कलेक्टर अजीत कुमार वसंत ने नारकोटिक्स को-आर्डिनेशन की बैठक में में निर्देश दिए कि सभी मेडिकल दुकानों में भीतर और बाहर कम से कम दो सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। कलेक्टर श्री वसंत ने निर्देशित किया कि यदि किसी दुकान में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त होती पाई गई,तो उसका गुमास्ता लाइसेंस निरस्त कर नियमानुसार दुकान को सील कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस संबंध में सख्त कार्यवाही करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खाद्य एवं औषधि विभाग, नगर निगम, पुलिस, समाज कल्याण, शिक्षा, आदिवासी विकास, स्वास्थ्य और आबकारी विभाग मिलकर समन्वित अभियान चलाएं। उन्होंने जिले में शैक्षिक संस्थानों के सौ गज के दायरे में मादक और तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लागू करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने निर्देश दिए कि जिले में अवैध मादक पदार्थों और नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त पर सतत निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

#### कानून व्यवस्था की हुई समीक्षा

जिले में शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अधिकारियों को सजगता, सतर्कता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने और ऐसे स्थानों पर लोक शांति भंग करने वालों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम,एसडीओपी और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोलिंग को सघन करें और अपने अधीनस्थ अमले को पूरी तरह से सक्रिय रखें। इसके साथ ही सूचना तंत्र को मजबूत बनाकर किसी भी संभावित समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर तत्काल किया जाए। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु सभी अधिकारियों को सतर्कता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## मौसी घर से गाजे-बाजे के साथ वापस पहुंचे जगन्नाथ भगवान



भगवान जगन्नाथ की मूर्ति के साथ श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

मां शीतला माता रथ यात्रा समिति के द्वारा पुराना दीपका रोड निवासी मौसी शशी बाबूराम राठौर के निवास से जगन्नाथ भगवान को विदा किया। वहीं समिति के सभी सदस्यों ने उत्साह पूर्वक बाजे व आतिशबाजी किया। प्रभु जगन्नाथ की रथ को कालेज चौक, बस स्टैंड होते हुऐ बस्ती अपने निवास स्थान पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने भगवान जगन्नाथ प्रभू की आरती पूजा करते हुऐ आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के सदस्य तारेश राठौर, दिलीप राठौर, लाला राठौर, युवराज सिंह कंवर, आशीष यादव, मयंक राठौर, नरेंद्र राठौर, सोनू नामदेव, कमल डिक्सेना, लक्ष्मी बंजारे, विकास डिक्सेना, प्रियाल, राहुल, हिमालय एवं कान्हा सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सेजस चैतमा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा




शाला प्रवेश उत्सव के दौरान अतिथि एवं छात्र छात्राएं।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि डॉ पवन सिंह अध्यक्ष, जिला पंचायत विशिष्ट अतिथि राजलाल सिन्द्रम सरपंच, सुकालू प्रजापति उपसरपंच शाला विकास समिति के अध्यक्ष अतिथि शिव लाल पटेल जनपद प्रतिनिधि, अमरनाथ कैवर्त, धनेश्वरी सिन्द्रम, डीके आदिले, रंजीता अनंत, पदमा पटेल, डॉ जायसवाल, अब्दुल अजीज, जय प्रकाश प्रजापति, शीतल शर्मा अध्यक्षता प्राचार्य चंद्राणी सोम, संकुल प्रभारी चैतमा, व्याख्याता व शिक्षक उपस्थित रहे अतिथियों द्वारा कक्षा पहली, पांचवीं, 9वीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुस्तक, स्कूल ,फूल ड्रेस तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया। डॉ पवन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष कोरबा ने अपने उद्बोधन में बताया कि शिक्षा वह शेरनी की दूध हैं जो पियेगा वो डाहारेगा, शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मूल अधिकार है। छत्तीसगढ़ सरकार प्रारंभ की गई नीतियों और योजनाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर बच्चा विद्यालय से जुड़े। इन्हीं प्रयासों की एक कड़ी है शाला प्रवेश उत्सव, जो विशेष रूप से बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और उन्हें विद्यालय से जोड़ने के लिए मनाया जाता है। डीके आदिले, अमरनाथ कैवर्त, डॉ जायसवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार बंजारे एवं स्वंय सेवकों के सहभागिता से एक पेड़ माँ के नाम पर डॉ पवन सिंह द्वारा पौधरोपण किया गया।

## समाज कल्याण विभाग ने वृद्धाश्रम को नहीं दिए व्हील चेयर व वॉकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

समाज कल्याण विभाग के अधिकारी वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखा रहे हैं। मांग पत्र प्रस्तुत करने के बाद भी तीन माह तक जरूरतमंद बुजुर्गों को व्हील चेयर एवं फोल्डिंग वॉकर उपलब्ध नहीं कराया गया।

**खास बात**

- उपसंचालक श्रीमती गोयल का प्रशांति वृद्धश्रम के बुजुर्गों के प्रति उपेक्षित व्यवहार

मामला प्रशांति वृद्धाश्रम से जुड़ा है। प्रशांति वृद्धाश्रम की संचालक संस्था द्वारा 24 मार्च को समाज कल्याण विभाग, कोरबा की उप संचालक के समक्ष पत्र प्रस्तुत किया गया था। इस पत्र में वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों के लिए तीन टॉयलेट व्हील चेयर, तीन सामानय व्हील चेयर एवं तीन नग फोल्डिंग वॉकर उपलब्ध कराने निवेदन किया गया था। दो माह से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी समाज कल्याण विभाग, कोरबा की उप संचालक श्रीमती गोयल द्वारा बुजुर्गों के लिए व्हील चेयर उपलब्ध नहीं कराई गई। जबकि इस बीच सामग्री के लिए कार्यालय से संपर्क भी किया गया। 3 जून को संस्था द्वारा इस संदर्भ में कलेक्टर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्र लिख गया और बताया कि लिखित में अनुरोध पत्र देने के दो माह से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी व्हील चेयर फोल्डिंग वॉकर उपलब्ध नहीं कराया गया है।

कलेक्टर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को शिकायत पत्र प्रस्तुत करने के 15 दिनों बाद 18 जून को समाज कल्याण विभाग द्वारा संस्था को बुजुर्गों के आधार कार्ड प्रस्तुत कर मांगी गई सामग्री प्राप्त करने कहा गया। यानी लगभग तीन माह तक समाज कल्याण विभाग ने जरूरतमंद बुजुर्गों को टॉयलेट एवं सामान्य व्हील, फोल्डिंग वॉकर उपलब्ध कराना जरूरी नहीं समझा। चुंकि टॉयलेट एवं सामान्य व्हील, फोल्डिंग वॉकर की अति आवश्यकता थी, इसलिए संस्था ने ढाई माह इंतजार करने के बाद अन्य संस्थाओं के सहयोग से उक्त सामग्री प्राप्त की। गौरतलब है कि प्रशांति वृद्धाश्रम का संचालन नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा 20 वर्षों से किया जा रहा है। प्रशांति वृद्धाश्रम समाज कल्याण की योजना के अंतगर्त ही संचालित है। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था वृद्धाश्रम के संचालन के लिए किसी भी प्रकार का शासकीय अथवा गैर शासकीय अनुदान प्राप्त नहीं किया जाता है। संस्था द्वारा अपने स्त्रोत तथा जनसहयोग से वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है। वृद्धाश्रम में वर्तमान में 24 बुजुर्ग निवासरत हैं। बुजुर्गों को भोजन सहित अन्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

## बढ़ते यातायात दबाव को लेकर नपा अध्यक्ष ने कलेक्टर व एसपी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में बढ़ते यातायात दबाव और संभावित दुर्घटनाओं को लेकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राज जायसवाल ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस विषय में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया है और समाधान हेतु ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है।



राज जायसवाल

श्री जायसवाल ने पत्र में उल्लेख किया कि कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत कटघोरा-विलासपुर, कटघोरा-अम्बिकापुर एवं कटघोरा-कोरबा जैसे प्रमुख मार्गों पर व्यवसायिक प्रतिष्ठान, शैक्षणिक संस्थान, स्कूल और कॉलेज स्थित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिकों की आवाजाही होती है। इस क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही से यातायात बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बनी हुई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नगर के भीतर से गुजर रहे भारी वाहन नागरिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया है कि समस्त भारी वाहनों को नगर के बाहर बनाए गए बायपास मार्ग सुतर्रा बायपास और रामपुर बायपास से ही गुजरने का निर्देश दिया जाए। नगर पालिका अध्यक्ष ने यह स्पष्ट किया कि इस कदम से नगर में यातायात की सुव्यवस्था बनी रहेगी, साथ ही आमजन की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन जल्द ही आवश्यक निर्देश जारी करेगा जिससे कि नगर में किसी भी प्रकार की आकस्मिक दुर्घटना या जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

## बोईदा रासेयो ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार




बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य लखनलाल बंजारे के संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन के साथ शासन प्रशासन के प्रमुख आदेश पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सघन स्वच्छता अभियान चलाया कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कुमार नायक ने बताया कि अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ स्वच्छता भी बहुत ही महत्वपूर्ण है विद्यालय के साथ-साथ आसपास को स्वच्छ रखने हेतु हम प्रतिबद्ध हैं। इकाई द्वारा विद्यालय परिसर में व सड़क किनारे सघन स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता चलते हुए कूड़ा करकट निदान किया गया साथ ही घांस उन्मूलन, प्लास्टिक, कचरा निदान किया गया। इस अवसर पर लखनलाल बंजारे, राजेन्द्र कुमार नायक, देवी दयाल सिंह, जितेंद्र कुमार नेटी, वीरेंद्र कुर्रे, भारती सिंह तोमर, निहारिका इमानुएल, सुनील कुमार मिश्रा, परमेश्वर राम मराठा, सेत कुमार सांड, किरण जांगड़े, श्यामा मरावी के साथ स्वयंसेवक उदय पटेल, अमन कुमार पटेल, नागेश्वर प्रसाद, ओमप्रकाश सोनवानी, लोकेश कुमार पटेल, सुजल कैवर्त, देवदास मानिकपुरी, दुर्गा पटेल, श्वेता पटेल, नंदिनी ओगे, रीना कैवर्त, हीना कंवर, मुस्कान एवं स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में कोलकर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना में कार्यरत कर्मचारी जयराम कंवर उम्र 50 वर्ष अपने गृह ग्राम डुरेना दीपका से वापस लौटते समय किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय दो पहिया वाहन पर जयराम कंवर और उसका साथी बैठे थे। बाइक को जयराम कंवर चला रहा था। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 को दी गई। घायल कर्मचारी को तत्काल गेवरा नेहरू शताब्दी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी था उपचार के दौरान जयराम कंवर की मृत्यु हो गई।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### भैसमा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस

**भैसमा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर जुलाई के प्रथम सप्ताह में प्रतिवर्ष 5 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष एक पेड़ मां के नाम के तहत भैसमा में पौधरोपण, संगोष्ठी एवं सहकार से समृद्धि कार्यक्रम सभी सहकारी समितियों में आयोजित किये जा रहे हैं सहायक नोडल अधिकारी मुकेश पटेल ने अपने संबोधन में समिति द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया साथ ही साथ माइक्रो एटीएम से लेनदेन के प्रति किसानों को जागरूक किया गया। समिति प्रबंधक तुलेश्वर कौशिक, मोहम्मद जमाल खान, पर्यवेक्षक एचके चौहान, सहकारिता विस्तार अधिकारी, मंडल उपाध्यक्ष गोवर्धन पटेल, सरमन सिंह कंवर, जोगेंद्र कौशिक ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर एचके चौहान, मुकेश पटेल, मोहम्मद जमाल खान, घनश्याम मरकाम, मेम सिंह कंवर, रामलाल कंवर, जेएल खूंटे, राजेंद्र बघेल, कु. सर्वमंगला तंवर, उदय सिंह कंवर आदि उपस्थित रहे।

### चैतमा में सहकारिता दिवस पर रोपे गए पौधे




**चैतमा।** सहकारिता दिवस के उपलक्ष में मां के नाम के तहत भारत भवन प्रांगण में सहकारिता विभाग लैंप्स प्रबंधक कमल दुबे, अमरनाथ कैवर्त, डीके, अजीज खान सरपंच राजलाल, सिंधराम व ग्रामीणों की उपस्थिति में क्षित किया गया पौधरोपण किया गया।

### सहकारिता दिवस पर बरपाली में किया गया पौधरोपण



**बरपाली।** अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आदिम जति सेवा सहकारी समिती मर्यादित बरपाली में एक पेंड माँ के नाम पौधरोपण किया गया। इस दौरान 75 फलदार छायादार पौधे लगायागया। समिति प्रबंधक चंद्रेश कश्यप, श्रीमती गंगोत्री जनपद सदस्य, श्रीमती मनीषा कंवर रामजीवन सरपंच, शनी राम ग्राम, गोविंद प्रसाद, कोटवार अशोक दास व समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल को लेकर हुई बैठक




**बांकीमोंगरा।** 9 जुलाई को होने वाले एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने शुक्रवार को कोरबा क्षेत्र के सीनियर रिक्रिएशन क्लब में (एसईसीएल) के सभी क्षेत्रों से चारों श्रमिक संगठनों इंटक, एटक, एचएमएस व सीटू के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से केंद्रीय पदाधिकारी गोपाल नारायण सिंह, अजय विश्वकर्मा, सुरेन्द्र मिश्रा व वीके मनोहर उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत कोरकोमा में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**रजगामार।** बीते दिनों ग्राम पंचायत कोरकोमा में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर दिया लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयं सेवी ने बताया कि स्वच्छता दीदी और स्वच्छता कर्मी नहीं होने पर स्वच्छता कार्य ठीक से नहीं कर पाते हैं। रासेयो की मदद से इन्हें प्रेरणा मिली जिसकी वजह से ग्राम पंचायत भी साफ सुथरा हो रहा है। स्वयं सेविका ऋचा स्वर्णकार द्वारा स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कर्मी और स्वयं सेवकों के साथ मिलकर एक दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया। सामुदायिक भवन, चौराहा, हाट बाजार और सड़कों में साफ सफाई की गई। कार्यक्रम भूपेंद्र स्वर्णकार, सोनू, विक्रांत, तनमय, मोनिका, अश्वनी, नयन, अमित, योगेश, शिवकुमारी आदि का योगदान रहा।

---

### ढेंगुरनाला, रिस्दी पुल हुआ जर्जर, मरम्मत की है दरकार

# शहर के प्रमुख मार्ग और जर्जर पुल से लोग कर रहे आवागमन



जर्जर पुल से आवागमन करते लोग।



बारिश के दौरान सड़क पर भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बरसात शुरु होने के पूर्व शहर की प्रमुख सड़के और पुल पुलियों के जर्जर होने के साथ बरसात में इनसे आवागमन को लेकर होने वाली परेशानी से क्षेत्रवासियों के द्वारा प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिए जाने के परिणाम स्वरुप प्रमुख सड़क और जर्जर पुल से आवागमन करना मजबूरी हो गई है।

सड़क की जो प्रमुख सड़कें जिनकी मरम्मत बीते बारिश के बाद टायरिंग से की गई थी वह इस बारिश में एक बार फिर उखड़ गई है। इन सड़कों में बने गड्ढे यह बताते हैं कि इनके टायरिंग में किस तरह की लापरवाही की गई है। इन सड़कों से बरसात में गुजरना मुश्किल हो गया है। अंधेरे में रात के समय सफर करना हादसे को आमंत्रित कर रहा है। इंडस्ट्रियल एरिया से खरमोरा बस्ती जाने वाली प्रमुख सड़क की जर्जर समस्या को लेकर गर्मी से ही लोगों ने निगम और जिला प्रशासन को इसकी मरम्मत की ओर ध्यान दिलाया था। लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनाई गई इस सड़क के प्रति विभागीय स्तर पर पहल नहीं किए जाने के कारण स्थानीय औद्योगिक इकाईयों के द्वारा अपने वाहनों के आवागमन हेतु मार्ग में बने गढ्ढों को मरुम मिट्टी से भरा गया है। जिससे आवागमन करना आम लोगों को मुश्किल हो गया है। खरमोरा बस्ती से लेकर न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लोगों के लिए आवागमन हेतु यही एक मात्र सड़क है। मुरुम और मिट्टी डालने से सड़क कीचड़ में बदल गई है। दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन फंस रहे हैं। स्थानीय पार्षद ने भी इसके लिए निगम और प्रशासन को पत्र लिखा था लेकिन दोनों की ओर से पहल नहीं हुई। इसी तरह बालको रिंग रोड से रिस्दी जाने वाले मार्ग में ढेंगुरनाला पुल भी जर्जर हो चुका है। पुल के उपर गढ्ढे होने के कारण वाहन चालकों को हादसे का अंदेशा बना रहता है। पुल की जर्जर हालत के कारण ही एक वर्ष पूर्व दो महिला शिक्षकों की मौत हो गई थी, तब जाकर स्थानीय प्रशासन ने मरम्मत का काम किया और उसमें भी खाना पूर्ति नजर आयी। रिस्दी चौक के गढ्ढों को भी मलबे से भरा गया है। जिससे भारी वाहन आवागमन करते हैं जिनके गढ्ढों में फंसने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

#### मुरुम और मिट्टी से भरे जा रहे गढ्ढे

आश्चर्य की बात है कि शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के सड़कों में बने गढ्ढों को मुरुम और मिट्टी से भरा जा रहा है जबकि डीएमएफ की एक बड़ी राशि प्रशासन के पास होने के वाबजूद स्थायी रुप से गढ्ढों को भरने का काम स्थानीय एजेंसियों के माध्यम से नहीं कराया गया। वाहनों का फंसना मुरुम और मिट्टी के कारण तकलीफदेय हो रहा है।

---

## डेम में नहाते समय तीन लोग बहने लगे, एक लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

दोपहर में बिना सायरन बजाए डैम से पानी छोड़ने से नीचे नहा रहे लोगों में एक युवक बहकर लापता हो गया। उसके दो रिश्तेदार तैरकर बच गए। घटना बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत मढ़वाढोढ़ा गांव की है। जहां रहने वाले आजाद सिंह बिंझवार के यहां पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के रोदे गांव से उसका भांजा शांति राम बिंझवार (30) आकर रहते हुए मजदूरी करता है। शुक्रवार की दोपहर 1 बजे शांति अपने मामा आजाद सिंह व ममेरे भाई दुर्गेश के साथ मढ़वाढोढ़ा में डैम के नीचे नहाने पहुंचे थे। इसी दौरान डैम से पानी छोड़ दिया गया, जिससे वे तीनों बहने लगे। आजाद व दुर्गेश तैरकर बच गए पर शांतिलाल पानी में बह गया। मामा व भाई ने उसकी खोजबीन की पर वह नहीं मिला। सूचना पर बांकीमोंगरा पुलिस पहुंची। जहां उसकी खोजबीन की जा रही है, बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के 18 नंबर वार्ड के निवासी व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोवर्धन कंवर ने आरोप लगाया है कि एसीबी के डैम से गेट खोलकर पानी छोड़ने से पहले सायरन बजाने का नियम है, पर लापरवाही बरती गई है।



शांतिलाल

## बीच सड़क पर शराबी पी रहे शराब लोगों का आना-जाना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मानिकपुर चौकी क्षेत्र में संचालित कुआंभट्ठा देशी शराब दुकान के बाहर इन दिनों शराबियों का जमावड़ा देखने को मिल रहा हैं। शराबी देशी शराब दुकान से शराब लेकर बीच सड़क पर बैठकर शराब का सेवन कर रहे हैं और मार्ग से गुजरने वाली महिलाएं को अश्लील इशारा करते हुए छेड़खानी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। आए दिन हो रही घटनाएं के बाद भी पुलिस इन शराबियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, जिसका फायदा शराबियों द्वारा उठाया जा रहा हैं। शराब भट्टी के सामने कई कार्यालय संचालित है जिसमें युवक युवती व महिलाएं काम करती हैं। कार्यालय में काम करने वाले युवक युवती का आना जाना इसी मार्ग से होता है। शराबियों के बीच सड़क पर बैठे रहने से कर्मचारियों के मन में भय की स्थिति बना रहता है। इसी तरह शहर और आसपास सार्वजनिक स्थालों पर शराबखोरी करने वाले शराबियों की संख्या में भारी इजाफा हो रहा है।

---

## यातायात व्यवस्था, ब्लैक स्पॉट दुरुस्त करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेते कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी।

**खास बात**

- कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित व सुगम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात सुगमता तथा सड़क मरम्मत व सुधार संबंधी विषयों पर गहन समीक्षा की गई।

कलेक्टर अजीत वसंत ने बैठक में उपस्थित सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर अविलंब सुधार कार्य किया जाए। साथ ही बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सड़कों के गड्ढों का भराव, आवश्यक मरम्मत और संकेतकों की व्यवस्था प्राथमिकता से की जाए। कलेक्टर ने तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी, ओवरस्पीडिंग पर नियंत्रण तथा रात्रि में आवश्यक प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्पीड ब्रेकर, स्पीड लिमिट बोर्ड एवं चेतावनी संकेतकों को स्पष्ट और उपयुक्त स्थानों पर बनाए जाएं ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सके। उन्होंने सभी निर्माण व रखरखाव एर्जेसियों को निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे झाड़ियों की छंटाई कराई जाए और मरम्मत योग्य हिस्सों को तुरंत दुरुस्त किया जाए। बैठक में एसपी सिद्धार्थ तिवारी, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा सहित यातायात, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, एनएचएआई, बाल्को, एसईसीएल एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## नदी में बहे युवक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वह स्थान जहां हुआ था हादसा। इनसेट में मृतक उदय।

**खास बात**

- पुलिया निर्माण कार्य के दौरान तेज बहाव में बह गया था मजदूर

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबी गांव में भारी बारिश के चलते एक बड़ा हादसा हो गया। पुलिया निर्माण कार्य के दौरान तेज बहाव में एक मजदूर बह गया, जिसकी लाश 40 घंटे बाद एसडीआरएफ और पुलिस टीम को नाले से बरामद हुई। मृतक की पहचान उदय कुमार सिंह (निवासी पलामू जिला, झारखंड) के रूप में हुई है, जो गेवरा-डोंगरगढ़ रेलवे ट्रैक बिछाने के प्रोजेक्ट में कार्यरत था। घटना गुरुवार दोपहर की है, जब क्षेत्र में अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। उस वक्त उदय कुमार पुलिया निर्माण स्थल पर कार्यरत था। बारिश के चलते नाले में तेज बहाव आया और वह उसमें बह गया। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लगातार सर्च अभियान चलाया गया। लगभग 40 घंटे की मशक्कत के बाद शनिवार को उसका शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर नाले में मिला। इस दर्दनाक हादसे ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा उपायों की कमी और मानसून में जोखिमभरे कामों को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पीड़ित के परिवार को आवश्यक सहायता देने की प्रक्रिया भी चल रही है।

---

## नुक्कड़ नाटक, भजन, गीत और कविता से दिया गया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

**खास बात**

- सुरक्षा अभियान में हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

एसईसीएल दीपका क्षेत्र में चल रहे सुरक्षा कैंपेन अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन कर कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। 3 जुलाई को ऑफिसर क्लब प्रगति नगर दीपका में संपन्न हुआ। डीएवी स्कूल की शिक्षिका भुवनेश्वरी जायसवाल ने शानदार कविता पाठ किया, जबकि दीक्षा मिश्रा, अन्वेशा सिंह और अनुष्का सिंह ने भजन प्रस्तुत किए। टीम चरक द्वारा शंखनाद के साथ विशेष प्रस्तुति दी गई। नाटक के माध्यम से शराब के नशे में ड्यूटी करने से होने वाले हादसे का सजीव मंचन किया गया। इसमें सत्य प्रकाश मिश्रा, रामेश्वर आदित्य, डी एस मिश्रा,किशोर ,मधु राजपूत, रुबीना सिद्दीकी, निष्ठा, राहुल पटेल, रामेश्वर आदित्य, पंकज पाठक, प्रदीप गुप्ता समेत कई कलाकारों प्रस्तुती दी। प्रतियोगिता में लक्ष्मी तिवारी, आकांक्षा सिंह, शशि नायक, गीता राठौर, अंशु माला, शिवम कुमार, पियूष टोप्पो, प्रभाकर शुक्ला ने बेहतर प्रदर्शन किया। विजेताओं को दीपका परियोजना के महाप्रबंधक नरेश कुमार द्वारा सम्मानित किया गया।




## शिक्षा के मंदिर में अनुशासन मूल मंत्र जिसे सबको अपनाना चाहिए : प्रेमचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विधायक श्री पटेल एवं अन्य।

**खास बात**

- संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

पाली विकासखंड अंतर्गत हरदीबाजार शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी विद्यालय में शनिवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर तिलक लगाकर पुस्तक वितरण कर प्रवेश दिया। विधायक श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के इस मंदिर में अनुशासन वह मूल मंत्र है, जिसे न केवल विद्यार्थियों को बल्कि शिक्षकों और प्रत्येक संबंधित व्यक्ति को अपनाना चाहिए। अनुशासन वह नींव है, जिस पर एक उज्ज्वल, समर्पित और संस्कारित समाज की इमारत खड़ी होती है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री नरेश टंडन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष चुलेशवर राठौर, जिलापंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जयसवाल, सरपंच लोकेश्वर कंवर, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता भुनेशवर राठौर, मन्नु सांई राठौर, सानिध्य सोलंकी, हीरालाल अहिर, प्राचार्य जीएस कंवर शिक्षक एवं के डहरिया, शिक्षिका व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।




